खबर संक्षेप

लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 23 जुलाई की शाम 5 बजे तक

मण्डला। शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 1 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। संभाग के समस्त कार्यालयों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति के लिए अर्हता पूरी करते हैं एवं सहायक ग्रेड-3 के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर ली हो, के आवेदन पत्र 23 जुलाई 2024 की शाम 5 बजे तक कार्यालय में जमा किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण शासकीय कर्मचारियों के लिए निःशुल्क है एवं अर्धशासकीय, निगम, मंडल, निकाय आदि के कर्मचारियों को म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क का चालान सत्र में प्रवेश होने पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

रोजगार मेला 25 जुलाई को नगर पालिका टाऊनहॉल में

मण्डला। जिला रोजगार कार्यालय मण्डला द्वारा रोजगार मेला का आयोजन 25 जुलाई 2024 को नगरपालिका मण्डला के टाउन हॉल में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों के द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। युवक-युवतियों जिनकी उम्र 18-35 वर्ष एवं योग्यता कक्षा 8वी से स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण हो वे आवेदक रोजगार मेले में अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, दो फोटोग्राफ, रोजगार पंजीयन एवं अन्य दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

शासकीय आई.टी.आई. मंडला में ओपन कैम्पस ड्राईव का आयोजन 23 को

मण्डला। शासकीय आदिवासी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मंडला के प्रांगण में 23 जुलाई 2024 दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे से प्रतिशिष्ट कंपनी मुद्रा सोलर प्राईवेट लिमिटेड, कच्छ गुजरात द्वारा ओपन कैम्पस ड्राईव का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, फिटर, मशीनिष्ट, वेल्डर, डीजल, मोटर मैकेनिक, सभी टेक्निकल ट्रेड एवं मैक्निकल व्यवसाय से उत्तीण पुरूष प्रशिक्षणार्थी जिनकी उम्र 18 वर्ष से 28 वर्ष है, ओपन कैम्पस ड्राईव में अपने मूल दस्तावेजों के साथ उक्त दिनांक को सम्मिलित हो सकते हैं। कंपनी द्वारा परिश्रमिक राशि प्रतिमाह 15916 रूपये देय होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7999651705 में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक कॉल कर सकते हैं।

टीबी मरीज की सूचना देने वालों को भी मिलती है प्रोत्साहन राशि

मरीज को दवाई के साथ पैसा भी

*** टीबी फोरम की समीक्षा बैठक संपन्न।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मण्डला

जनपद पंचायत सभा कक्ष में विकासखंड स्तरीय टीबी फोरम की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें फोरम के अध्यक्ष जेपी यादव अनुविभागीय दंड अधिकारी मंडला एवं जनपद सीईओ रमेश मांडवी शिक्षा विभाग से प्राचार्य प्रशांत ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ संतोष, पिरामल फाउंडेशन से रमेश कुमार परस्ते, एसटीएस दिनेश उइके, एसटीएस मुकुल तुमराम, एसटीएलएस आलोक, सरपंच, टीबी चैंपियन, आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारी एवं फोरम के सदस्य उपस्थित रहे। टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य प्राप्ति के लिए शपथ ली गई। टीबी के लिए ज्यादा से ज्यादा जांच करने के लिए व्यापक प्रचार करने के लिए सभी को कहा गया व टीबी मुक्त पंचायत के लिए ज्यादा से ज्यादा नॉमिनेशन के लिए कहा गया और पंचायत एवं ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार कहा गया।

बताया गया कि भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए जैमिनी स्तर पर जोरों से चल रही है टीवी हारेगा देश जीतेगा की तर्ज पर स्वास्थ्य अमला जमीनी स्तर पर टीबी रोग को खत्म करने कार्य कर रहा है। इसके लिए स्वस्थ अमला द्वारा गांव-गांव विविध गतिविधियों के माध्यम में लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करने के साथ इनकी लक्षण एवं उपचार की जानकारी दे रहे है। इसके साथ ही आम जनों को टीबी आएगा देश जीतेगा के तहत मुक्त जांच मुक्त इलाज और पोषण सहायता की विस्तार से जानकारी दी जा रही है वहीं चिन्हित टीवी मरीजों का उपचार कराया जा रहा है स्वास्थ्य आमले की नजर इन कर पर बनी हुई है। जिससे यह स्वस्थ होकर भारत को टीवी मुक्त बनाने में सहभागी बन सके।

जानकारी अनुसार देश और जिले को इस टीवी बीमारी से मुक्त करने जिले के विकास करो में टीवी फोरम एवं टास्क फोर्स कमेटी का गठन किया गया है कमेटी में शामिल सदस्य विकासखंड की ग्राम पंचायत को टीवी मुक्त कराने अपनी सक्रिय भागीदारी दे रहे हैं जिसमें भारत टीवी मुक्त हो सके और टीवी मुक्त अभियान सफल हो सके लिए प्रत्येक विकासखंड में गठित फार्म समिति में अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव और सदस्य बनाए गए हैं जो इस अभियान की सफल क्रियान्वयन में सहभागिता दे रहे हैं। अनुविभागी दंडाधिकारी मंडला की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय टीबी फोरम की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

उपचार प्रक्रिया निशुल्क

समीक्षा बैठक में कमेटी के सभी सदस्यों को पिरामल फाउंडेशन की रमेश कुमार ने टीबी की जानकारी विस्तार से दी बैठक में मौजूद सदस्यों को बताया कि टीबी की इलाज के लिए समस्त उपचार प्रक्रिया निशुल्क है। दवाइयां निशुल्क मिलती हैं। मरीजों की जांच जब तक टीवी की दवाइयां मिलेगी। हितग्राही के खाते में प्रतिमाह 500 रुपए दिया जाएगा। टीबी मरीज की सूचना देने वाले को भी 500 रुपए दिए जाते हैं इसके साथ टीबी मरीज को जो दवाइयां खिला रहा है और मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ हो जाता है उसके बाद उसे 1000 रुपए की राशि दी जाती है।

सूने घर में हत्या को दिया अंजाम, परिजन गए थे छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मण्डला

मोतीनाला थाना अंतर्गत एक वृद्ध की गला रेत कर हत्या का सनसनी खेज मामला सामने आया है। घटना के दौरान वृद्ध के परिजन घर में नहीं थे। वृद्ध घर पर अकेला ही था। घटना का खुलासा तब हुआ जब आस पड़ोस के लोगों ने घर में खून बिखरा देखा तब इसकी जानकारी लगी। जिसके बाद वृद्ध के परिजनों को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन छत्तीसगढ़ से अपने गांव चीमा गुंडी लौटे। जिसके बाद डायल 100 को घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद मोतीनाला पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। मोतीनाला पुलिस ने मर्ग कायम कर हत्या का माममला दर्ज किया है।

जानकारी अनुसार मोतीनाला थाना अंतर्गत चीमा गुंडी गांव में एक वृद्ध गुदल सिंह 60 वर्ष की उसके ही घर में ही गला रेत कर हत्या कर दी गई है। घटना उस वक्त हुई जब वृद्ध के परिजन छत्तीसगढ़ गए हुए थे। इस दौरान वृद्ध घर में अकेला ही था। मौका देखकर अज्ञात आरोपी ने वृद्ध की बेरहमी से गला रेत का हत्या कर दी। गला रेतने के कारण पूरे घर में खून बिखरा हुआ था। जिसे देखकर पड़ोसियों को इस घटना की जानकारी लगी और वृद्ध के परिजनों को खबर की। 17 जुलाई की शाम करीब 05 बजे परिजनों को घटना की जानकारी लगते ही, परिजन अपने गांव चीमा गुंडी पहुंचे। जिसके बाद पुलिस को इसकी जानकारी दी गई।

वृद्ध के हत्या की जानकारी मिलते ही मोतीनाला पुलिस चीमा गुंडी घटना स्थल पर पहुंच गई है। बताया गया कि वृद्ध की गला रेत का हत्या की जांच में पुलिस सूक्ष्मता से जांच कर रही है। हत्या के खुलासे के लिए पुलिस ने एफएसएल और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया है। जिसकी मदद से घटना स्थल की सूक्ष्मता से जांच कर हत्या की वजह और हत्यारे का सुराग तलाश करने का प्रयास किया जा रहा है।

इनका कहना है:-

परिवारजन छत्तीसगढ़ गए हुए थे, परिवारजन को सूचना मिली कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से गुदर सिंह की हत्या कर दी है और वो मृत अवस्था में है, सूचना के बाद परिजन आए और डायल 100 के मध्यम से पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मर्ग कायम करते हुए हत्या का मामला दर्ज किया गया। फिलहाल पुलिस अलग अलग बिंदुओं का तथ्य निकलते हुए जांच कर रही है।

-रजत सकलेचा,
पुलिस अधीक्षक, मण्डला

सहकार भारती मण्डला की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मण्डला

विगत मई माह में प्रदेश अधिवेशन में प्रदेश की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया था। बताया गया कि सहकार भारती की कार्यकारिणी हर तीन वर्ष में राष्ट्र, प्रदेश और जिला की कार्यकारिणी का गठन किया जाता है। विगत 1 जुलाई से चल रहे सदस्यों को जोडऩे के अभियान के अंतर्गत आगामी 15 अगस्त तक नए सदस्यों को जोड़ा जाना है। क्योंकि सदस्यों की सदस्यता तीन वर्ष के लिए होती है और हर तीन वर्ष में नए सदस्यों को जोडऩे का अभियान भी पूरे देश में चलाया जाता है। इसी के अंतर्गत प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में जिला संपर्क के चलते 19 जुलाई को सहकार भारती मंडला की बैठक समर्पण कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में पदाधिकारी व सदस्यों की सहभागिता रही।

प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान ने कहा कि मंडला जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के सहकारिता से जुड़े सभी लोगों को संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप लाभ मिले। सहकारिता से जुड़े संगठन विधिवत संचालित हों। सहकारिता क्षेत्र के जल्द चुनाव हों। सहकार भारती के 21 प्रकोष्ठ प्रमुख का गठन कर कार्यकारिणी बनकर जुड़े हुए सभी हितग्राहियों को लाभ मिले ऐसी योजना है। आगामी 30 अगस्त से 30 अक्टूबर के मध्य मंडला जिला मुख्यालय में एक दिवसीय जिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

बताया गया कि आगामी तीन वर्षों के लिए मंडला जिला की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाना है। आगामी 6 से 8 दिसंबर को अमृतसर पंजाब में राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित होगा । जिसमे मंडला जिले की भी सहभागिता होना है। जिला महामंत्री रंजीत कछवाहा ने बताया कि सहकार भारती की हर बैठक संगठन मंत्र, सहकार गीत और समापन मंत्र जरूरी है और सहकार भारती का मूल मंत्र शुद्धि, वृद्धि और समृद्धि के अनुसार कुटुंब प्रबोधन, समरसता, पर्यावरण और ग्राम विकास से संबंधित आयोजन और मंडला जिला में कार्यकारिणी का और विस्तार किया जाना है। बैठक में पूरण ठाकुर, उमेश शुक्ला, सुनील जैन, सुषमा मिश्रा, हीरानंद चंद्रवंशी, जितेंद्र चौरसिया, अखिलेश सोनी, कुंदन गोलू पटेल, वीरेंद्र बीरू वर्मा मौजूद रहे।

बिनैका में हो रहा गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मण्डला

ग्राम पंचायत बिनैका में नव जागृति ग्राम विकास समिति के सदस्यों के द्वारा ग्राम में चल रहे निर्माण कार्य जिसमें सड़क निर्माण वार्ड 17, नाली निर्माण वार्ड 14 एवं पुलिया निर्माण वार्ड 14, 15, 6 का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें गुणवत्ताहीन तरीके से निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिस पर समिति के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्य के द्वारा आपत्ति दर्ज कराकर गुणवत्ता युक्त काम करने का निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए गए यह सारे कार्य बगैर सब इंजीनियर के मार्गदर्शन पर चल रहे हैं जिसमें सड़क निर्माण, नाली निर्माण में बिना बेस बिना मुर्रम की नाली का निर्माण कार्य पुलिया निर्माण में भी बिना नाली की दिशा देखे बिना पुलिया डाली जा रही है इन निर्माण कार्यो से क्षेत्र में वार्डवासियों में द्वारा काफी रोष एवं नाराजगी व्याप्त है।

ग्रामवासियों का कहना है कि जो भी निर्माण कार्य हो रहे हैं वे तकनीकि अधिकारियों की देखरेख में किये जायें गुणवत्ता का ध्यान रखा जाये ताकि निर्माण कार्य लम्बे समय तक कायम रह सकें और इन निर्माण कार्यो का लाभ लोगों को मिल सके लेकिन देखा जा रहा है कि महज लाभ कमाने की चाहत में तकनीकि ज्ञान न रखते हुये किसी से भी कार्य कराया जा रहा है इस तरह के निर्माण कार्यो से आने वाले समय में जनता को सिर्फ और सिर्फ परेशानी ही होनी है।

शुभारंभ

रज़ा कला वीथिका और रपटा घाट में सजेंगी रंगों की महफ़लि।

4 दिवसीय रज़ा स्मृति का शुभारंभ आज

*** झंकार भवन में गूंजेगी शायर और कवियों की आवाज़।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मण्डला

विश्व प्रसिद्ध चित्रकार सैयद हैदर रज़ा की स्मृति में रज़ा फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा 20 से 23 जुलाई 2024 तक रज़ा स्मृति का आयोजन किया जा रहा है। वैसे तो हर वर्ष हैदर रज़ा की स्मृति में रज़ा स्मृति का आयोजन किया जाता रहा है लेकिन इस बार इसके आयोजन में और अधिक विस्तार किया गया है। रज़ा स्मृति का आयोजन जिला न्यायालय के सामने स्थित रज़ा कला वीथिका के साथ-साथ रपटा घाट और झंकार भवन में भी किया जा रहा है।

रज़ा फाउंडेशन के सदस्य सचिव संजीव चौबे ने बताया कि रज़ा स्मृति का शुभारंभ रज़ा कला वीथिका में 20 जुलाई 2024 की सुबह 11:00 बजे मध्यप्रदेश शासन की पीएचई मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके के कर कमलों से होगा। रज़ा कला वीथिका में चित्रकला कार्यशाला, माटी पर रंग और छाते पर रंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें कला प्रेमी पेंटिंग कर अपने चहेते कलाकार को रगांजलि अर्पित करेंगे। इस दौरान यहां ड्राइंग शीट, कैनवस, गमले, छातों पर चित्रकारी कर कलाकार हैदर रज़ा को याद करेंगे। इस कार्यशाला में आशीष कछवाहा, प्रवीण सैय्याम और अशोक सोनवानी बतौर कलाकार शामिल रहेंगे। माटी पर रंग के तहत भीखम प्रजापति मिटटी चाक से मिटटी की चीज़े बनाना सिखाएंगे। बता दे कि 20 जुलाई से 22 जुलाई तक सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चित्रकला कार्यशाला आयोजित रहेगी।

इसके साथ ही रपटा घाट में आयोजित युवा चित्रकला शिविर और चित्रकला प्रदर्शनी में रजनी भोसले, प्रीति मान, रिव्या बकुत्रा, पूर्वी शुक्ल, अनूप श्रीवास्तव, रानी मालवतकर, दीपक कुमार श्याम, आत्माराम श्याम, हरिओम पाटीदार और प्रभात जोशी बतौर चित्रकार शामिल होंगे और नर्मदा तट के पवित्र और मनोरम नज़ारे के बीच चित्रकारी का आनंद लेंगे। 21 जुलाई की शाम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन झंकार भवन में किया गया है। उसमें शाम 6:00 बजे हिंदी उर्दू कविता पाठ होगा। इसमें वाज़दा खान, पूनम अरोड़ा, चराग शर्मा, शाहबाज रिज़्वी अपने कलाम और कविता प्रस्तुत करेंगे। इसके उपरांत स्थानीय कथक नृत्यांगना रानू चंद्रावल द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। 22 जुलाई की शाम 6:00 बजे हिंदी उर्दू कविता पाठ होगा। इस काव्य पाठ में सुशीला पुरी, जोशन बनर्जी आडवानी, अमरदीप सिंह और कमर अब्बास अपने काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम का समापन कबीर गायन से होगा। इसमें प्रसिद्ध कबीर गायक भैरू सिंह चौहान अपने साथियों के साथ प्रस्तुति देंगे। 23 जुलाई की सुबह 10:00 बजे स्थानीय बिंझिया स्थित कब्रिस्तान में विश्व विख्यात कलाकार सैयद हैदर रज़ा की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी कब्र पर पुष्प अर्पण के साथ रज़ा स्मृति 2024 का समापन होगा। रज़ा स्मृति के आयोजन में इनर वोइस सोसाइटी, माँ रेवा सेवा महाआरती समिति और सरदार पटेल स्कूल ऑफ नर्सिंग, मण्डला अपना सहयोग प्रदान कर रहा है।

जिला जेल मण्डला में किया गया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मण्डला

एस.के. जोशी प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शचीन्द्र श्रीवास्तव विशेष न्यायाधीश एवं प्रवीण कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जिला जेल मण्डला एवं जेल विधिक सहायता क्लीनिक का निरीक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेल निरीक्षण के दौरान जेल में बंदियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लेते हुए पुरूष एवं महिला बैरकों में साफ-सफाई, बंदियों के बिस्तर और शौचालय की साफ-सफाई के साथ ही पाकशाला को देखा गया। उन्होनें पाकशाला की साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता व प्रतिदिन दिए जाने वाले आहार की मात्रा संबंधी सारणी की जांच की। निरीक्षण के दौरान बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना गया और बंदियों को विधि सम्मत सलाह भी दी गई।

एस.के. जोशी प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला ने जेल में निरुद्ध व्यक्तियों को समान रुप से न्याय मिले सके इसलिए बंदियों के अधिकार विधिक सहायता एवं सलाह योजना, प्लीबारगेनिंग दाण्डिक मामलों का समझौते के आधार पर अंतिम निराकरण हेतु एक अनुबंध है जो पीड़ित पक्ष एवं अभियुक्त के मध्य आपसी समझौते के आधार पर होता है प्लीबारगेनिंग प्रक्रिया द्वारा असमनीय अपराधों का निराकरण किया जा सकता है के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

प्रवीण कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला ने बताया कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। वृक्ष लगाना ही हमारी जवाबदारी नहीं है अपितु उनका संरक्षण करना भी आवश्यक है। पर्यावरण को संतुलित रखने व बढ़ते तापमान पर नियंत्रण के लिए हमें वृक्षों को अधिक से अधिक मात्रा में लगाया जाए एवं उनके संरक्षण के प्रयास करें व प्रत्येक परिवार द्वारा कम से कम 5 पौधे लगायें।

खबर संक्षेप

घर के सामने जोर से चिल्लाने से मना किया तो महिला के साथ मारपीट

गाडरवारा। अक्सर देखा जाता है कि लोग अपनी मनमर्जी के मालिक होकर किसी के घर के पास बैठकर किसी भी तरह की बातों का उपयोग करते हुये चिल्लाकर शांति भंग करने का प्रयास करने से नही चूकते है। इस तरह मनमानी करने वालों को जब कोई रोकने का प्रयास करता है तो वह उसके साथ मारपीट करने से भी नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम पनागर में देखने मिली जब घर के सामने चिल्लाने से एक महिला ने मना किया युवक द्वारा उसके साथ लाड़ी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पनागर निवासी एक महिला द्वारा पुलिस चौकी में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वही का निवासी हलकन पिता पतिराम कहार घर के सामने चिल्ला रहा था तो प्रार्थिया द्वारा मना किये जाने पर गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

रिपोर्ट किये जाने पर गुस्सा देवर ने भाभी से की मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम अमाडा निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकयत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब बीते हुये दिवस मैं अपने घर के आंगन मे झाडू लगा रही थी तभी मेरे पडोस मे रहने बाला मेरा देवर भाईजी अहिरवार मेरे घर के आंगन मे आ गया तब मैने देवर से कहा कि तुमने मेरे लडके सौरभ की झूटी रिपोर्ट थाने मे क्यों की थी तो भाई जी अहिरवार द्वारा गंदी गंदी गालिया देने लगा जब मैने गालिया देने से मना किया तो देवर द्वारा मेरी चोटी पकड कर पटक दिया और मुझे लात घूसे से मारने लगा तब मै बचाओ बचाओ चिल्लाई तब मेरा लडका सुरेन्द्र आ गया जो बीच बचाव करने लगा बीच बचाव करते समय मेरे देवर ने मेरे लडके से भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया।

सूने घर से अज्ञात चोरों पार किये जेवर

गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम कौडिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैं गाडरवारा एन पी एस स्कूल में कम्प्यूटर आपरेटर का काम करता हूँ। बीते हुये दिवस में अपने परिवार सहित पिताजी के बीमार होने पर जबलपुर गये थे जो घर वापस आये तो देखा तो वाउंड्री का दरवाजे का ताला लगा था व घर के अंदर मेन गेट एवं बेड रूम का ताला टूटा हुआ था। हमने कमरे में जाकर देखा तो हमारी अलमारी के ताले भी टूटे थे जिसमें पुराने इस्तेमाली जेवर दो हार, एक बजट्टी, दो जोड़ी झुमके, पांच जोड़ी पायल चांदी की, बिछिया सहित नगद राशि 20000 /-रूपये गायब पाये गये। इस तरह अज्ञात चोर द्वारा घर के ताले तोड़कर चोरी कर लिये गये। घटना को लेकर पीड़ित की शिकायत प पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है तथा चोरों की खोजबीन की जा रही है।

जान से मारने की धमकी देते हुये की मारपीट

गाडरवारा। बीते हुये दिवस ग्राम खिरिया निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये ताया है कि मेरी ग्राम बम्होरी के राजेश गुर्जर, भैयाराम गुर्जर एवं मिस्टर गुर्जर से बुराई चल रही है जो इनके डर के कारण करीब 3 माह से अपने लड़के मुकेश गुर्जर एवं बहू हल्की बाई के साथ शास्त्री वार्ड गाडरवारा में सुशील साहू के मकान में किराये से रह रहा हूँ। बीते हुये दिवस जब मैं अपने लड़के मुकेश एवं बहू हल्की बाई के साथ अपने डेडूखेड़ा मौजा में स्थित खेत में बने मकान मे गया था कि तभी मेरे घर के बाहर राजेश गुर्जर, भैयाराम गुर्जर एवं मिस्टर गुर्जर आये और मुझे गंदी -गंदी गालियाँ देकर बोले की तू यहां क्यो आया है तब मैनें उन्हे गाली देने से मना किया तो राजेश एवं भैयाराम गुर्जर मेरे साथ मुक्का थप्पड़ मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई।

पुलिस का भय न होने से छात्रायें दहशत के बीच पहुंच रही स्कूल, एन्टी रोमियो मुहिम शुरू करने की उठाई जा रही मांग...

शिक्षण सत्र शुरू होते हुये सड़कों पर फिर दिखाई देने लगे मनचले सड़क छाप मंजनुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। महिलाओं व छात्राओं के साथ लगातार घटित हो रही अपराधिक घटनाओं को ध्यान में रखते हुये प्रदेश शासन द्वारा बीते हुये वर्ष मनमानी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के लिये सख्त आदेश जारी किये गये थें जिसके चलते बीते हुये वर्ष पुलिस प्रशासन द्वारा आवारा गर्दी करने वालों के खिलाफ लगातार मुहिम चलाते हुये सड़क छाप मंजनुओं के खिलाफ शुरू की गई थी इस मुहिम के चलते छात्राओं को काफी हद तक आवारा गर्दी करने वालों से निजात मिल गई थी। मगर बीता हुआ शिक्षा सत्र खत्म होते ही पुलिस की यह मुहिम कहा गायब हो गई जिसके चलते नया शिक्षण सत्र शुरू होते हुये नगर की सड़को से लेकर छात्राओं के स्कूलों के पास फिर सड़क छाप मंजनुओं के जमावडे नजर आने लगे है। इस स्थिति में चलते स्कूल व कोचिंग आने जाने वाली छात्राओं को दहशत के बीच देखा जाने लगा है? क्योंकि नगर में आवारा गर्दी करने वालों के हौसले इतने बुलंद देखे जा रहे है कि स्कूली छात्र छात्राओं का सड़को से आना जाना मुश्किल जान पड़ रहा है। यह बात सत्य है कि पुलिस अधिकारियों द्वारा बीते हुये वर्ष सड़क छापा मंजनुओं के खिलाफ अपनी मुहिम चलाई गई थी उससे स्कूलों छात्राओं के साथ साथ उनके अभिभाको द्वारा भी पुलिस के प्रति अपनी खुशी जाहिर की गई थी। मगर वह मुहिम शिक्षा सत्र खत्म होने के बाद बंद हो चुकी है उसकी पुनः नया सत्र शुरू होते ही महसूस किया जाना लागा है। क्योंकि नगर में देखने मिल रहा है कि छात्राओं के स्कूल छूटने व लगने के साथ साथ कोचिंग सेन्टर के पास आवारा गर्दी करने वाले मनचलों के हौसले बुलंद नजर आने लगे है? इस समय नये शिक्षण सत्र को शुरू हुये आधा माह बीतने को है जिसके चलते देखा जा रहा है कि नगर के स्कूलों में अध्ययन करने वाली छात्राओं के लिए सड़को पर घूमने वाले मनचलों द्वारा परेशान करने की घटनाओं से निजात मिलते हुए नजर नही आ रही है? इस बात को लेकर नगर की समाजसेवी संस्थाओं द्वारा पूर्व में पुलिस प्रशासन से मनचलों की हरकतो पर अंकुश लगाने की गुहार लगाते हुए ज्ञापन भी सौपा जा चुका था जिसके चलते पुलिस द्वारा कार्यवाही तो शुरू की गई थी जिसके चलते नगर में आवारा गर्दी करने वालों पर अंकुश लग गया था। मगर इस समय पुलिस की शांत रहने से जहां आवारा गर्दी करने वालों के दिलों में पुलिस की दहशत समाप्त होते हुये नजर आने लगी है तो दूसरी ओर मनचलों के हौसले बुलंद नजर आ रहे है। बताया जाता है कि नगर की शासकीय व निजी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र छात्राएँ बाहरी दुनिया से कट अपने उज्जबल भविष्य को ध्यान में रखते हुए सिर्फ किताबों में डूबने की तैयारियों में जुटी हुई देखे जा रही है। मगर वही दूसरी ओर छात्राओं के स्कूल आने जाने वाले मार्गो पर जो मंजर देखने मिल रहे है उसे देख अभिभावक जहां चिंता में डूबे हुए जान पड़ रहे है। वही नगर की स्थिति भी इस प्रकार से बिड़ते हुए देखी जा रही जिसके चलते यह जान पड़ रह है कि शायद नगर में आवारा गर्दी करने वालों पर पुलिस का अंकुश तो दूर उनके दिलों में पुलिस के प्रति कोई भय नही रह गया जिसका परिणाम है कि मनचलों द्वारा शालाओं के खुलने व बंद होने के समय शहर की सड़कों, गलियों के मोड़ों सहित चाय पान के टपरों सहित शिक्षण संस्थाओं के आसपास धडल्ले से जहां मटर गस्ती करते हुये मासूम छात्राओं के साथ छिटाकशी तथा अशोभनीय हरकते करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? यह बात अलग है कि इस प्रकार की घटनाओं से अपमानित होने वाली छात्राएं भय के चलते पुलिस थाने में शिकायत करने की हिम्मत नही जुटा पाती है। मगर पुलिस इस ओर गंभीरता के साथ ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि इस प्रकार से स्कूलों व कोचिंग सेन्टरों में आने जाने वाली मासूम छात्राओं के साथ मनचलें छात्राओं के साथ छिटाकशी व छेड़खानी करने से भी नही चूक रहे है जिसके चलते छात्राओं को सरेआम अपमानित होते हुए देखा जा रहा है? इस संबंध में अपना नाम गोपनीय रखने की शर्त्त पर विभिन्न शालाओं में पढ़नें वाली छात्राओं ने बताया कि सजे सॅवरे मोबाईल फोनों पर अश्लील गाने सुनतें हुए ये मनचले स्कूल जा रही या शालाओं से लौट रही छात्राओं पर फिकरे कसने के साथ साथ गलत इशारे बाजी करते है और कभी कभी किसी बहाने छात्राओं को रोककर उनसे प्रणय निवेदन कर मर्यादा को तार तार करने की कोशिश करने से भी बाज नही आते है? इतना ही अक्सर देखा जाता है कि छात्राओं के स्कूल छूटने के समय इन मनचलों द्वारा एक मोटर साईकिल पर दो दो तीन तीन लोग बैठकर इस गति से दौड़ते हुए उनके कर्कस हार्न बजाकर छात्राओं को परेशान करते हुए आसानी से देखे जा सकते है? इस प्रकार शलीन व्यवहार करने से दूर रहने वाले ये मनचले मौका पाकर फिकरे कस छात्राओं की जलील करने से भी नही चूकते है? आमजन की माने तो कुछ मनचलों के मूड में रहने और उनकी शक्ल गुंडो से मिलनी जुलती होने की वजह सें मासूम छात्राएं भयभीत होकर व उनकी फिकरे बाजी खामोशी से सहते हुए अपमान का कड़वा घूट पीने मजबूर रहती है। किन्तु अब स्थिति यह है कि मनचलों की चरम पर पहुँच रही कारगुजारियों से छात्राओं का शालाओं, कोचिंग क्लासों में पढ़नंम जाना भी मुश्किल होने लगा है? गौरतलब है कि पुलिस की स्कूलो के समय सही गश्त न होने से नगर की शांति व्यवस्था को ग्रहण लगता हुआ जान पड़ रहा है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि पुलिस भी इस समय खमोश नजर आने के कारण लोगों का पुलिस के प्रति अपना विश्वास समाप्त होता हुआ जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो इस प्रकार से मनचलों की हरकतों से जिस तरह छात्राओं को परेशान होना पड़ रहा है, उसको लेकर अभिभावक और स्थानीयजन भी चिंतित होने लगे है। इस संबंध में हरिभूमि टीम से शोहदों के बढ़ते हौसलों पर चर्चा करतें हुए कहा है कि देखने में आ रहा है कि कतिपय युवा शासकीय चिकित्सालय वाले मार्ग से लेकर पानी टंकी या फिर छात्राओं के निजी व शासकीय स्कूलो को पास सहित अन्य स्थलों पर मड़राते हुए आसानी से देखे जा सकते है, जो शिक्षण संस्थाओं में न पढ़नें के बावजूद भी यह मनचले शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास मॅडरातें हुये छात्राओं को परेशान करने से नही चूक रहे है। इस तरह मनचलों की हरकतों के चलते अभिभावकों सहित नगर के लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन से इस प्रकार से आवारा गर्दी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करने की गुहार लगाई जा रही है।

अलग अलग स्थानों से जप्त की गई अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शराब के बढ़ते हुये अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में पुलिस द्वार लगातार धरपकड़ मुहिम चलाई जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस नगर सहित क्षेत्र में अलग अलग जगहों से अवैध शराब जप्त की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में शंकर लाल पिता मनीराम कहार 55 साल निवासी छिडाव घाट के पास से 5 लीटर शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से चीचली पुलिस द्वारा भी नगर के बस स्टेन्ड के पास से ग्राम दहलवाडा निवासी दिनेश पित मनक लाल कौरव के पास से तथा ग्राम मऊ घघरौला यात्री प्रतिक्षालय के पास बलवंत पिता श्रीपाल ठाकुर निवासी ग्राम घघरौला के पास से 5 लीटर भी शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से सांईखेडा पुलिस द्वारा भी नगर के सी पी ए स्कूल के पास से ग्राम मुंआर निवासी कल्लू पिता मिश्रीलाल चौधरी के पास से 16 पाव तो ग्राम निवावर निवासी निरंजन पिता प्रताप सिंह राजपूत के पास से 18 पाव तथा तूमडा रोड पर गोधन पिता रवि शंकर कहार निवासी ग्राम मेहरागांव के पास से 16 पाव व कठल पेट्रोल पंप सांईखेडा के समीप पिठवानी निवासी ग्यारसी पिता वीरन लाल अहिरवार के पास से 16 पाव तो सांईखेडा की जानकी विहार कालोनी में अरविदं पिता अनिल बंशकार के पास से 15 पाव देशी शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से पीपरपानी तिरहा के पास सुमन पिता प्रयाग केवट निवासी शोकलपुर के पास से 16 पाव देशी व बरहटा रोड पर अवधेश पिता लखन केवट के पास से 16 पाव शराब जप्त की गई। इस प्रकार से डोगरगांव थाना पुलिस द्वारा भी मुखबिर की सूचना के आधार पर रायपुर में भारत ढावा के पास मनीष पिता विटन कहार निवासी ग्राम डोगरगांव के पास से 13 पाव शराब जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

बाइक चालक को मौत के घाट उतारने वाले ट्रक चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। बडे वाहन चालकों द्वारा जिस तरह लापरवाही पूर्वक अपने वाहन चलाते हुये लोगों की जिन्दगी के साथ खिलबाड़ की जाती है उसकी सच्चाई आये दिन सामने आने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार से मोटर साईकिल चालक को मौत के घाट उतारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस द्वारा मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस कृष्ण कुमार पिता संतोष ठाकुर उम्र 30 साल निवासी छैनाकछार बी द्वारा अपनी शिकायत में बताया गया है कि जब वह अपने साथ जमना प्रसाद पिता लक्ष्मण सिंह ठाकुर उम्र 60 साल के साथ मोअर साईकिल से बनखेडी की ओर जा रहे थें उसी दौरान ग्राम स्टैट हाईवे क्रमांक 22 जनकपुर के पास ट्रक क्र DL1LW3339 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपने ट्रक को चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी सहित जमना प्रसाद दोनो गंभीर रूप से घायल हो गई। वही मौजूद लोगों द्वारा उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा जमुना प्रसाद ठाकुर को मृत घोषित किये जाने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया था। वही जांच उपरांत आरोपी ट्रक क्र DL1LW3339 के चालक पर मामला कायम किया गया है।

अवैध रूप से तलवार लहराते हुये किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। पुलिस द्वारा नगर व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने के लिये संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की नगर के जमाडा रोड पर एक व्यक्ति तलवार नुमा हथियार लेकर घूम रहा है। इस सूचना पर पुलिस द्वारा मौकै की घेराबंदी करते हुये युवक को पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम जीवन पिता होती लाल कहार उम्र 47 साल निवासी पटैल वार्ड बताया गया। वही पुलिस द्वारा आरोपी के पास से तलवार नुमा हथियार जप्त करते हुये धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया।

ओशो लीला आश्रम में तीन दिवसीय ध्यान शिविर का होगा आयोजन, अनेक सन्यासी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक एवं आध्यात्मिक गुरु आचार्य रजनीश ओशो की क्रीडा स्थली ओशो लीला आश्रम में कल 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा के अवसर पर तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन संचालक स्वामी ध्यान आकाश के सानिध्य में होने जा रहा है। बताया जाता है शिविर के दौरान स्थानीय एवं बाहर के ओशो सन्यासी ओशो की ध्यान विधिया करने के उपरांत आनंद महोत्सव मनायगें। वही शिविर का शुभारंभ 19 जुलाई से हो चुका है जो 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा महोत्सव तक चलेगा। इस तरह आयोजित तीन दिवसीय शिविर में प्रतिदिन सुबह से सक्रिय ध्यान नाद ब्रह्म,विपसना के साथ दिन भर की गतिविधियो सहित शाम 4 बजे से 5 बजे तक कुंडलनी, विपसना, साक्षी ध्यान के अलावा शाम 6 बजे से बजे से रात्रि 8 बजे तक़ वाइट रोब, ब्रदरहुड सत्संग किया जाएगा जिसमें ओशो प्रवचन माला का श्रवण एवं भजन कीर्तन होंगे। ज्ञात हो कि ओशो लीला आश्रम में प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अलावा अन्य आयोजन किए जाते हैं जिसमें ओशो का जन्म महोत्सव, मृत्यु महोत्सव, संबोधि दिवस, बुद्ध पूर्णिमा पर भी ओशो के सन्यासियो की विशेष उपस्थिति में आनंद के साथ ध्यान शिविर आयोजित होते हैं। ओशो लीला आश्रम में इन कार्यक्रमों के दौरान देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेशी संन्यासियों का भी आवागमन बना रहता है तीन दिवसीय ध्यान शिविर की जानकारी ओशो लीला आश्रम के संचालक स्वामी राजीव जैन एवं मीडिया प्रभारी स्वामी राजेश नीरस द्वारा दी गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी के बीच लगे चैम्बरों से हो रहा जल सप्लाई, फैल सकती है बीमारी

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। जहां एक ओर सरकार द्वारा लोगों को शुद्व पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिवर्ष करोड़ो रूपया खर्च करते हुए गांव गांव जल सप्लाई व्यवस्था की जा रही है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि पंचायतों की उदासीनता के चलते ग्रामीणों को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत कुछ गांवों में देखने मिली रही है जहां पर पंचायत की उदासीनता के चलते ग्रामवासियों के घरों में दूषित पानी पहुंचने की संभावना स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है? इस संबंध में बताया जाता है कि पंचयात द्वारा नल जल योजना के तहत ग्राम के लोगों के घरो तक जल पहुंचाने के लिए लगाई गई लाईन के चैम्बरों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि वह गंदगी के बीच होने के कारण जब जल सप्लाई की जाती है तो नाली का गंदा पानी रिस्ते हुए अंदर तक पहुचने में कोई कसर नही छोड़ता है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से खुले पड़े हुये चैम्बर आम लोगो की जान के लिए खतरा बनने से भी नही चूक रहे है? क्योंकि मार्ग के किनारे इस प्रकार से खुले पड़े हुए चैम्बरों में आये दिन लोग गिरने के कारण घायल होते हुए भी देखे जा रहे है, मगर इस ओर पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही देने से यह अनुमान लगने लगा है कि कही ऐसा तो नही कि पंचायत द्वारा किसी बड़ी घटना का इंतजार किया जा रहा हो? जिसके चलते लोगों का कहना है कि यदि समय रहते हुए पंचायत द्वारा ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही इस प्रकार से खुले पड़े हुए चैम्बरों के चलते किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है।

पुरानी बुराई को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट पुलिस ने किया काउन्टर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। लोग छोटी छोटी बातों को लेकर एक दूसरे की जान के दुश्मन बनकर मारपीट करने पर उतारू हो जाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के राजेन्द्र बाबू वार्ड ग्राम इमालिया में देखने मिली जहां पर पुरानी बुराई को लेकर दो पक्षो में हुई मारपीट को लेकर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की शिकायत पर काउन्टर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस राजेन्द्र बाबू वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब बीते हुये दिवस मैं कांच मंदिर के पास भरत पटैल की दुकान के सामने बैठा था तभी मेरे चाचा का लड़का राजकुमार कौरव आया और पुरानी बुराई की बात को लेकर मुझे गंदी गंदी गालिया देने लगा तो गाली देने से मना किये जाने की बात को लेकर राजकुमार कौरव ने हाथ में लिए डंडा से से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। वही दूसरी पक्ष द्वारा अपनी शिकायत में बताया गया है कि जब मैं कांच मंदिर के पास भरत पटैल की दुकान के पास खडा था तभी मेरे बडे पापा का लड़का मुकेश कौरव आया और पुरानी बुराई की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा तो मैं अपने घर आ गया। मगर वहां पर मेरे घर के सामने पहुचा तो पीछे से मुकेश कौरव ,अरविन्द कौरव आये गंदी गंदी गालिया देते हुये डंडा से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की शिकायत को लेकर काउन्टर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

लटकते बिजली के तारों से घटित हो सकती है किसी दिन बड़ी घटना

हरिभूमि न्यूज/ सडूमर । जहां एक ओर आये दिन देखा जाता है कि बिजली विभाग द्वारा गांवों में किसानों सहित अन्य उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल अदा नही किये जाने के नाम पर जिस प्रकार से बसूली करते हुए उन्हें अपमानित करते हुए जबरन घरों में रखे हुए समान की जप्ती तो की जाती है, मगर वही दूसरी ओर गौर करने वाली बात तो यह है कि जिस तरीके से बिजली विभाग द्वारा बिल बसूरी का तरीका अपनाया जाता है क्या उस तरीके से लोगों को बिजली उपलब्ध कराये जाने के साथ साथ उन्हें बिजली तारों से होने वाली घटनाओं की क्षति का सहयोग प्राप्त किया जाता है? क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि बिजली विभाग द्वारा गांवो के साथ साथ किसानों के खेतों में बिजली सप्लाई हेतु जो बिजली लाईने खीची गई है उनका वर्षो से सुधार कार्य नही किये जाने तथा उनका रख रखाब नही होने के कारण जहां तारों ने झूला का रूप धारण कर लिया गया है और आये दिन देखा जाता है कि जब हवा चलती है तो यह झूलते हुए तार एक दूसरे से टकरा जाने के कारण चिंगारी छोडते है जिसके चलते जहां गांवों में किसी बड़ी घटना घटित होने की आंशका बनी रहती है? वही दूसरी ओर अनेको बार तो देखा जाता है कि किसानों के खेतो से निकली हुई बिजली लाईनों से निकलने वाली चिंगारी के चलते किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसले भी जलकर खाक होने से नही बच पाती है, इस स्थिति में शायद ही बिजली विभाग द्वारा किसी किसान को आज तक कोई सहयोग के रूप में राशि उपलब्ध कराई गई हो? मगर सिर्फ किसान द्वारा उपयोग की जाने वाली बिजली बिलों की बसूली के नाम पर जरूर किसानों को परेशान किया जाता रहता है, इतना ही नही गांवों में निकली हुई बिजली लाईन की स्थिति तो इस प्रकार से बनी हुई है कि आये दिन उसमें चिंगारी देखने मिलती, मगर इस ओर न तो बिजली विभाग ध्यान देता है और न ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जिसके चलते आम लोगों की जान खतरे में पड़ने के साथ साथ क्षेत्र के किसानों को हर वर्ष भारी क्षति का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जाता है।

खबर संक्षेप

दो दिनो बाद हुई बारिश से किसानो को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। शुक्रवार की सुबह और दोपहर में डिंडौरी नगर समेत ग्रामीण इलाकों में हुई बारिश के बाद किसानो को राहत मिली है और किसान अपने कृषि कार्य में जुट गये है। पिछले दो दिनो से बारिस न होने से धान रोपाई कार्य प्रभावित हो रहा था लेकिन शुक्रवार दोपहर हुई झमाझम बारिस के बाद किसानो के चेहरे खिल गये है। जानकारी के अनुसार सुबह से मौसम खुला रहा और धूप भी निकली थी। लेकिन सुबह 11 बजे के बाद कुछ देर के लिए झमाझम बारिश हुई, इसके बाद मौसम खुल गया और धूप भी निकल आई। इसके बाद दोपहर करीब 12:45 बजे एक बार फिर कुछ देर के लिए वर्षा दर्ज की गई। जिले में शुक्रवार को कुल 4.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। वहीं 1 जून से 19 जुलाई तक कल 380.4 मिलीमीटर बारिश हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 414.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई थी।

प्राथमिक शिक्षको को क्रमोन्नति का लाभ दिये जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। शासकीय शिक्षक संगठन जिला डिण्डौरी के जिलाध्यक्ष रामकुमार गर्ग ने शुक्रवार को सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डिण्डौरी के नाम एक लिखित पत्र के माध्यम से मांग की है 12 एवं 24 वर्ष सेवा कार्य के पूर्ण करने वाले प्राथमिक शिक्षकों को प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ दिया जा कर आदेश जारी किया जाये। पत्र में उल्लेख किया गया है कि विगत दिनो प्राथमिक शिक्षको की क्रमोन्नति को लेकर प्रथम सूची जारी की गई है जिसमें सैकडो शिक्षको का नाम नही है। ऐसी दशा में शिक्षक क्रमोन्नति के लाभ से वंचित है मांग की गई है कि द्वितीय सूची जारी कर शिक्षको को लाभान्वित किया जाये ।

भाजपा के भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा कांग्रेस कर रही 24 घंटे का सत्याग्रह

अनूपपुर। युवा कांग्रेस के बैनर तले जिला मुख्यालय स्थित कोतवाली के पास शुक्रवार 11 बजे से सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया गया जो आज 11 बजे तक चलेगा। सत्याग्रह आंदोलन मे देर रात युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मितेन्द्र दर्शन सिंह भी शामिल हुये वही आंदोलन का समापन कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश सिंह व पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह द्वारा किया जायेगा।

प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई

अवैध रुप से संचालित दो क्लीनिक सील, एलोपैथिक दवाएं व इंजेक्शन जप्त

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद शुक्रवार को जिले में झोलाछापों के विरुद्ध कार्रवाई का आगाज हो गया। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देश पर अनुविभागीय दंडाधिकारी रामबाबू के नेतृत्व में सी.एम.एच.ओ.डॉ रमेश मरावी, नायब तहसीलदार शशांक शेंडे की संयुक्त टीम ने जिला मुख्यालय में झोलाछापों द्वारा संचालित दो संस्थानों पर दबिश दी और जप्ती और दुकान सील कार्रवाई को अंजाम दिया। छापेमार कार्रवाई के दौरान टीम ने दोनो ठिकानों से बड़ी मात्रा में एलोपैथिक दबाईयां, सीरिंज, ग्लूकोज बॉटल और पैथी के विरुद्ध उपयोग किये जा रहे अन्य उपकरण जप्त किये हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह संयुक्त टीम ने पुरानी डिंडोरी में कथित डॉक्टर दिलीप चक्रवती के क्लीनिक में दबिश दी और वैध दस्तावेजों के अभाव में दुकान को सील कर दिया। इसके बाद टीम ने सब्जी मंडी के सामने एस.के. विश्वास द्वारा संचालित ईलाज की दुकान पर छापेमार करवाई करते हुये यहाँ एस.के. विश्वास को मरीजों का इलाज करते रंगेहाथ पकड़ा। इस दौरान फर्जी क्लीनिक के अंदर भर्ती मरीज भी पाये गये। जिनको इंजेक्ट करके ड्रिप दी जा रही थी। इस दौरान तलाशी में क्लीनिक के पीछे के कमरे में बड़ी मात्रा में छुपाकर रखी गई दबाईयां और

अन्य सामग्री बरामद की गई। इस बाबद पूछताछ पर झोलाछाप एस.के. विश्वास अपने इलाज को वैध साबित करने डिग्री, रजिस्ट्रेशन और स्वास्थ्य विभाग में आवेदन की दलील देता रहा।लेकिन दस्तावेजों के अवलोकन से साफ हो गया कि एस.के.विश्वास झूठ की बुनियाद पर मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है।इसके पास किसी कोई भी वैध डिग्री डिप्लोमा नहीं पाया गया।जिसके मद्देनजर प्रशासनिक टीम ने एस.के.विश्वास के संस्थान को भी सील कर दिया।गौरतलब है कि गैर मान्यता प्राप्त और अपात्र व्यक्ति यानि झोलाछाप बड़े पैमाने पर इलाज की दुकानें संचालित कर रहे हैं।जिन पर नकेल कसने मुख्यमंत्री ने निर्देश जारी किये थे। जिसके पालन में प्रशासन हरकत में आ गया है।

ऑपरेशन और असाध्य मर्जों के इलाज का दावा

छापेमार कार्रवाई के दौरान टीम को जानकारी मिली कि जिले में सक्रिय फर्जी चिकिसक और झोलाछाप असाध्य रोगों और जटिल ऑपरेशन करने का भी दावा करते हैं।ठेके पर मरीजों का इलाज करने में माहिर इन झोलाछापों के गलत इलाज की शिकायतें कई बार हो चुकीं हैं।लेकिन स्वास्थ्य अमला इस बाबद निष्क्रिय साबित हुआ है।जानकारी के मुताबिक गैरकानूनी तरीके से इलाज एक दंडनीय अपराध है।यह अनुचित इलाज रोगियों के लिए जानलेवा भी सबित होता है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिसमें झोलाछाप चिकित्सकों की गलत दवाई के इस्तेमाल से और इलाज की मजबूरी के चलते रोगियों की मौत हो चुकी है।

झोलाछापों में हड़कंप,फर्जी क्लीनिकों पर लटके ताले

अवैध क्लीनिकों पर शुक्रवार को हुये छापामार कार्रवाई चलते जिले भर के फर्जी और झोलाछापों में हड़कम मच गया।कार्रवाई के खौफ से सभी अमान्य क्लीनिकों में ताला लटका कर संचालक गायब हो गये।हालांकि प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग से इस बाबद जानकारी मांगी है।जिससे सिलसिलेवार कार्रवाई को अंजाम दिया जा सके।सूत्रों के मुताबिक प्रशासन ने सभी झोलाछापों की कुंडली तैयार कर ली है।

ग्राम पंचायत भवन के एक कमरे में संचालित हो रही पांच कक्षायें

नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड, बुनियादी शिक्षा के लिए बच्चे मोहताज

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी। जिले के करंजिया विकासखंड के पाटनगढ़ गांव का प्राथमिक शाला डिजिटल स्कूलों में शुमार है, जिसकी गवाही सड़क किनारे बड़े बड़े अक्षरों से लिखा हुआ बोर्ड भी दे रहा है। लेकिन हकीकत दावों से बिल्कुल परे है। आपको जानकर हैरानी होगी की इस तथाकथित डिजिटल प्राथमिक शाला का भवन करीब तीन साल पहले ही खंडहर में तब्दील हो चुका है। लिहाजा ग्रामपंचायत कार्यालय के एक कमरे में ही पहली से लेकर पांचवी कक्षा तक के नन्हे मुन्ने छात्र बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। एक कमरे में ही दो टीचर अलग अलग तरीके से पांचो क्लास के बच्चों को पढ़ाते हैं ऐसे में बच्चे कैसे पढ़ पाते होंगे और उन्हें कितना समझ में आता होगा जिसका अंदाजा बड़ी आसानी से लगाया जा सकता है। स्कूल में पदस्थ शिक्षिका ने बताया की ग्रामपंचायत कार्यालय में ग्रामीणों का आना जाना बना रहता है एवं पंचायत के कामकाज भी जारी रहते हैं। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है, साथ ही जब पंचायत में बैठक या अन्य सरकारी कार्यक्रमों का आयोजन होता है । ऐसी दशा में न चाहते हुए भी स्कूल की छुट्टी करनी पडती है। स्कूल में पढ़ने वाले छात्र भी चाहते हैं की उनके गांव में नये स्कूल भवन का निर्माण हो जिससे

उनका भविष्य संवर सके। पाटनगढ़ गांव न सिर्फ अपने देश में बल्कि विश्व में गोंडी चित्रकला के लिये जाना और पहचाना जाता है। गोंडी चित्रकला की उत्पत्ति इसी पाटनगढ़ गांव से हुई थी जिसके जनक अंतर्राष्ट्रीय चित्रकार जनगण श्याम को माना जाता है। गोंडी चित्रकला के क्षेत्र में पाटनगढ़ निवासी भज्जू श्याम व दुर्गा बाई को पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित भी किया जा चुका है । लेकिन विडंबना देखिए वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले इस पाटनगढ़ गाँव के गरीब आदिवासी बच्चों के लिये एक स्कूल भवन तक का इंतजाम नहीं है। गांव के सरपंच चंद्र विजय से गांव में स्कूल भवन की दुर्दशा को लेकर जानकारी चाही तो उन्होंने बताया की ग्रामपंचायत पाटनगढ़ के ही पोषक ग्राम लालखाती का प्राथमिक शाला भवन दो साल पहले बारिश में भरभरा कर धराशाई हो गया था गनीमत रही की जब स्कूल का भवन धराशायी हुआ उस वक्त स्कूल में कोई भी मौजूद नहीं था, वरन हादसा भयावह हो सकता था । जिसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने गाँव के जर्जर हो चुके प्राथमिक शाला भवन में स्कूल संचालन न करने का फैसला लिया और ग्रामपंचायत कार्यालय में ही स्कूल संचालन करने की अनुमति प्रदान कर दी। सरपंच ने क्षेत्रीय सांसद व तत्कालीन केंद्रीय राज्यमंत्री रहे फग्गन सिंह कुलस्ते का पत्र भी दिखाया जिसमे मंत्री जी ने अपने लेटर पेड में तत्कालीन जनजातीय विभाग के मंत्री मीना सिंह को पाटनगढ़ गांव में नये स्कूल भवन निर्माण कराने की अनुशंसा की थी लेकिन उस लेटर पर आजतक कोई कार्यवाई नहीं हुई। इस बावद सरपंच लगातार जिलाप्रशासन एवं शिक्षा विभाग से स्कूल भवन निर्माण की मांग कर रहे हैं । लेकिन अबतक जिम्मेदार अधिकारियों ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया है जिससे सरपंच एवं ग्रामीण बेहद निराश नजर आ रहे हैं।

पी एच ई की लापरवाही के चलते कार्यालयीन कर्मचारी और हितग्राही परेशान

पानी की किल्लत से जूझ रहा तहसील कार्यालय

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। आपने सुना होगा कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से लोग परेशान हैं, पर अब एक विभाग की लापरवाही के चलते अनुभाग बजाग के अनुविभागीय अधिकारी से लेकर कर्मचारी और दफतरो में काम कराने आने वाले हितग्राही तक परेशान हैं। कहने को तो बजाग मुख्यालय अनुभाग बन गया है और तहसील भवन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और तहसीलदार न्यायालय की भारी भरकम बिल्डिंग बनाई गई है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से जनता तो हमेशा परेशान होती रही है, पर अब विभागीय अधिकारी स्वयं ही दूसरे विभाग की लापरवाही से परेशान हैं। तहसील मुख्यालय की बिल्डिंग में इन दिनों पी एच ई विभाग की लापरवाही और उदासीनता के चलते पिछले दो महिनों से पानी की कमी से जूझ रहा है। तहसील परिसर के विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि विगत दो महीने से पानी की परेशानी होती

रही है। आफिस में पीने के पानी से लेकर बाथरूम और टायलेट तक उपयोग नहीं कर पा रहे हैं और यदि उपयोग किया जाता है तो पानी का उपयोग ना होने के चलते बदबूदार गंध से परिसर का हिस्सा दुर्गंध बना रहता है। पी एच ई विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही का अनुमान आप इसी बात से लगा सकते हैं कि अनुविभागीय अधिकारी और अनुभाग के कर्मचारियों को दो महिनों से पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो आम आदमी की पानी की समस्या का क्या होगा। महत्वपूर्ण तो यह भी है कि अनुभाग मुख्यालय में पी एच ई विभाग का ना कोई आफिस बनाया गया है ना ही इनका कोई कर्मचारी मुख्यालय में उपस्थित रहता है।

जंगल में मिले शव के मामले में अज्ञात व्यक्ति पर हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। जिले के बजाग थाना अंतर्गत ग्राम धुरकुटा के जंगल में गत दिवस संदिग्ध परिस्थितियों में मिले ग्रामीण के शव के मामले में पुलिस ने अज्ञात पर हत्या और साक्ष्य छुपाने का अपराध दर्ज कर लिया गया है। गौरतलब है कि मृतक ग्राम तेलियापानी निवासी बुधराम मरावी उम्र 45 रविवार को लोहे की वस्तु में धार लगवाने ग्राम धुरकुटा जाने के लिए घर से निकला था। जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों द्वारा उसकी तलाश शुरू की गई। बुधवार की दोपहर जंगल में उसका थैला हुआ कपड़े पड़े मिले थे। आसपास तलाश करने पर जंगल में संदिग्ध परिस्थिति में बुधराम का शव मिला था। परिजनों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी। मृतक के गले व पीठ में चोट के निशान भी मिले थे जिससे प्रारंभिक तौर पर हत्या की आशंका जताई जा रही थी। थाना प्रभारी बीएस पंडोरिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद अज्ञात व्यक्ति पर हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

धड़ल्ले से चल रहा सटोरियों का कारोबार

-आखिर सट्टे पर कब होगी कार्यवाही?

हरिभूमि न्यूज शहपुरा। शहपुरा क्षेत्र के मानिकपुर और रैपुरा में सट्टे का कारोबार खूब जमकर परवान चढ रहा है। जिसके चलते सट्टा खेलने वालों की तादात बढ़ती जा रही है। पुलिस अधिकारियों की अनदेखी से शहर में युवा पीढ़ी भी सट्टा बाजार में दिखाएं जाने वाले रंगीन सपनों के जाल में फंसते जा रहे। नतीजा यह होता है कि जुआ और सट्टे के परिणाम को जानकर भी इस गलत लत में बड़े दलालो के जाल में फस जाते है, जिसके कारण कई घर परिवार बनने से पहले बिगड़ जाते है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मानिकपुर रैपुरा मे सट्टे के बड़े दलाल



क्षेत्र में अपनी नींव जमाकर लंबे समय से सट्टा बाजार में अपना जाल फैलाते जा रहे हैं। खासकर मानिकपुर मैन रोड चैराहा सहित अन्य जगहों पर वही रैपुरा में मानिकपुर रोड पंचायत भवन के नजदीक और वही चैरा रोड रैपुरा में ही दिन दहाड़े लंबे समय से सट्टा खेलने वालों और दलालो के जमावड़े लगे रहते है। इन इलाकों में बड़े पैमाने पर जुआ व सट्टा का खेल जोरो पर चलने के कारण कई बड़े बुकी अपना जाल फैला कर धड़ल्ले से काम कर रहे हैं। वहीं खासकर बस स्टैंड एंव रोडवेज के सामने पान दुकानो के सामने एंव चाय कि दुकानो कि आड मे यह कारोबार निरंतर जारी है। यहां रोज हजारों लाखों के दांव लगाए जाते हैं। इस दांव में बुजुर्ग से लेकर युवा वर्ग लिप्त है। जिस तेजी से सट्टे का बाजार हर उम्र के तबके में बढ़ता जा रहा है। पुलिस प्रशासन रोकथाम नहीं कर पा रही हैं। पुलिस सट्टे के खिलाफ सिर्फ दिखावे की कार्रवाई करती है। जबकि बड़े रसूखदार जुआ व सट्टे के दलालो पर पुलिस की नजर नही पड़ती है। जिसके कारण चारो ओर सट्टे का करोबार बढ रहा है।

डायरिया से दो युवकों की मौत, तीन अस्पताल में भर्ती

-बिंझौरी गांव में दूषित पेयजल व्यवस्था के आरोप

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की लचर व्यवस्था लोगों की मौत का सबब बन रही है।अमरपुर विकासखंड अंतर्गत मनोरी गांव में डायरिया से पांच मौतों के बाद बजाग ब्लॉक के बिंझोरी गांव में उल्टी दस्त से दो युवकों की मौत और तीन लोगों के गंभीर रूप से पीडित होने का मामला सामने आया है।तीनो बीमारों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।एक ही बस्ती में दो मौत होने के बाद गांव में दहशत का माहौल है।बिंझोरी के नीचे टोला के बाशिन्दों ने बस्ती में दूषित पानी की सप्लाई के आरोप लगाये हैं।ग्रामीणों के मुताबिक नलकूप के जरिये किये जा रहे जल प्रदाय के पाईप जगह जगह से छतिग्रस्त हो गई है।जिससे साफ पानी घरों तक नहीं पहुंच पा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुरुवार की सुबह बिंझोरी के नीचे टोला में आधा दर्जन लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।जहां गुरुवार की रात लगभग 8 बजे इलाज के दौरान जितेंद्र वनवासी उम्र 24 साल की मौत हो गई।जबकि शुक्रवार की शाम गंभीर हालत में जबलपुर ले जाते समय तारा कुमार जाति मेहरा 25 साल ने भी

दम तोड़ दिया।वहीं बिंझोरी नीचे टोला निवासी गणेश मेहरा 45 साल की स्थिति में सुधार नहीं होने की दशा में शुक्रवार की शाम मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया और रजनी कोल 25 साल एवं सरस्वती कोल 36 साल का ईलाज जिला अस्पताल में जारी है।गुरुवार की रात जितेंद्र की मौत के बाद परिजनों ने जिला अस्पताल में हंगामा भी किया था और ईलाज में लापरवाही के आरोप लगा जांच की मांग की है।

-सेंपल लेने पीएचई की टीम पहुंची गांव

डायरिया के लक्षणों से हुई मौत की सूचना मिलने पर कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार की रात स्वास्थ्य टीम ने गांव पहुंच आठ घरों में लोगों का स्वास्थ्य परिक्षण किया करते हुये एतिहात बरतने की सलाह दी।टीम ने मौके से पानी और खाने के सेंपल भी लिये हैं।गांव पहुंचे डॉ. सुरेश मरावी, डॉ.अभिषेक मिश्रा,डॉ. दीपेंद्र धुर्वे ने लोगों को पानी के सेवन के पूर्व उबालने और छानने की नसीहत भी दी है।जानकारी के मुताबिक पीएचई विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर पानी का सैंपल भी ले लिया है। बताया गया कि यहां भी ग्रामीणों ने दूषित पानी मिलने का आरोप लगाया है।

- स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह

ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बिगड़ रही स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था के बाद आदिवासी बाहुल्य डिंडोरी जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के क्रियान्वयन भी सवाल उठने लगे हैं।पिछले दस दिनों में दो गांवों में उल्टी दस्त से हुई सात मौतों के बाद जिला कार्यक्रम प्रबंधक से लेकर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है।स्थिति यह है कि एनआरएचएम के कर्ताधर्ता की निष्क्रिय के कारण आम लोग दम तोड़ रहे हैं। इनके विरुद्ध कार्रवाई की दरकार है।

सरपंच संघ ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। शुक्रवार को जिला सरपंच संघ डिण्डौरी ने 10 सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास के द्वारा 1 जुलाई 24 को पारित आदेश को तत्काल निरस्त किया जाये , सीएम हेल्प लाईन में शिकायत दर्ज करते समय आधार कार्ड अनिवार्य किया जाये एवं फर्जी शिकायत दर्ज करने पर एफ आई आर भी दर्ज किये जाने की कार्यवाई की जाये , मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार लाडली बहनो को प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ दिया जाये । 15वे वित्त आयोग की राशि से टाईड एवं अनटाईड की बाध्यता समाप्त की जाये , शासन द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना में बीपीएल की अनिवार्यता समाप्त की जाये , ग्राम पंचायत के अंतर्गत कोई भी कार्य होता है उसकी एनओसी ग्राम पंचायत से ली जाये , त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित सरपंच , पंच का मानदेय बढाया जाये, ग्राम पंचायत के अधीनस्थ समस्त विभागो का समस्त वेतन पत्रक में सरपंच के हस्ताक्षर अनिवार्य किया जाये , खेत तालाब एवं सुदूर सडक आवश्यकता अनुसार स्वीकृत किया जाये तथा ग्राम पंचायत मनरेगा के कार्य में मजदूरी भुगतान के अलावा सामग्री का भुगतान भी किया जाना सुनिश्चित किया जाये । ज्ञापन देने में प्रदेश संगठन मंत्री सरपंच संघ रायसिंह मरकाम , सरपंच ग्राम पंचायत बिलाईखार, सरपंच ग्राम पंचायत बम्हनी, सरपंच ग्राम पंचायत पडरिया 03, सरपंच ग्राम पंचायत जाडासुरंग, सरपंच ग्राम पंचायत मारगांव, सरपंच ग्राम पंचायत मानिकपुर, सरपंच ग्राम पंचायत खरगहना मय बसनिया, सरपंच ग्राम पंचायत उमरिया, सरपंच ग्राम पंचायत भपसा, सरपंच ग्राम पंचायत रमपुरी, सरपंच ग्राम पंचायत नादा माल शामिल रहे ।

एम एस डब्ल्यू छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज अमरपुर। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एम एस डब्ल्यू अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। जिसमें विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा समस्त छात्रों को अपने-अपने गांव एवं क्षेत्र में वांछित एवं पिछड़े वर्ग के लोगों को सहयोग करते हुए उनको विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास समाज में फैली कुरीतियों जैसे नशा, बाल विवाह और पर्यावरण, जल

संरक्षण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के विषय पर जागरूक करने और शासन के कल्याणकारी योजनाओं में सहयोग करते रहने के लिए कहा गया। तत्पश्चात कोर्स के परामर्दता लाल सिंह ठाकुर, अशोक यादव, तिलक सिंह सैयाम एवं राधे श्याम बनवासी द्वारा भी सामाजिक में कार्य करते रहने के लिए कहा गया। अंत में छात्र दलबीर सिंह धुर्वे तिलक सिंह द्वारा अपने दो वर्षों का अध्ययन अनुभव साझा किए तथा मनीष कुमार गायकवाड़ द्वारा अपना अनुभव बताते हुए विदाई को इन पंक्तियों से भाव विभोर कर दिया। 'अभी अलविदा ना कहो दोस्तों....' 'क्योंकि बीते हुए लम्हों की कसक साथ तो होगी, ख्वाबों में हो चाहे, मुलाकात तो होगी।' इस कार्यक्रम में महाविद्यालय अमरपुर से प्रोफेसर रूपेंद्र बरकडे, जेटू सिंह पट्टा जिला मूल्यांकन अनुश्रवण अधिकारी आजीविका मिशन डिंडौरी तथा समस्त एम एस डब्ल्यू अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

जनपद पंचायत के अधिकारी और कर्मचारियों के अपडाउन में लगेगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। शुक्रवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिण्डौरी द्वारा जिले के सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र जारी कर अधिकारी कर्मचारियों को जनपद मुख्यालय में निवासरत रहते हुए सेवायें देने के निर्देश जारी किया गया है। जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि पावंती कुशराम अध्यक्ष जनपद पंचायत समनापुर के द्वारा 8 जुलाई 24 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिण्डौरी को पत्र लिखकर जनपद में पदस्थ कर्मचारियों के द्वारा डिण्डौरी से अपडाउन किया जाता है जिससे समय पर आम जनता को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड रहा है और कार्यालय का कार्य भी प्रभावित होता है। पत्र का संज्ञान लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिण्डौरी ने निर्देश देते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जनपद मुख्यालय में निवासरत होकर शासकीय पदीय दायित्वों का निर्वहन किये जाने हेतु आदेश जारी किया है।

खबर संक्षेप

जहरीली दवा के सेवन से व्यक्ति की मौत

नरसिंहपुर। स्टेशनगंज थाना अंतर्गत आने वाले गांव बैहरपौड़ी निवासी जितेंद सेन पिता डालसिंह सेन उम्र 36 वर्ष ने अपने घर में जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। वहीं परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया वहीं अस्पताल चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग प्रकरण कायम कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया हैं।

आयुष शर्मा का निधन शोक सभा आयोजित की गई

करेली। राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त शिक्षक स्व तेजीलाल शर्मा के नाती, दीपक शर्मा-पार्षद श्रीमती संगीता शैलजा शर्मा के पुत्र पूर्व नपा उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा के भतीजे आयुष शर्मा का नर्मदापुरम में इलाज के दौरान दुखद निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 19 जुलाई को स्थानीय मुक्तिधाम करेली में इनके बड़े भाई ने करेली एवं आसपास से आए हजारों नागरिकों के बीच अंतिम संस्कार किया गया शोक सभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर दो मिनिट का मोन रखकर श्रद्धाजली दी।

मोबाइल से बात नहीं करने से मना करना बच्चों को गुजरा नागवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आज के समय में शायद ही कोई ऐसा होगा जिसके पास मोबाइल न हो। मोबाइल से जहां कई तरह की सहूलियतें मिलती है वहीं दूसरी ओर इसके दुष्परिणाम भी भुगतने पड़ रहे हैं। युवाओं से लेकर बुजुर्गों और बच्चों में मोबाइल के प्रति दीवानगी तो सनक में बदल रही है। किसी से थोड़ी देर के लिए भी यदि मोबाइल छीन लिया जाये तो वह आक्रमक रूख अख्तियार कर लेता है। बच्चों में मोबाइल की लत के घातक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। मोबाइल का बढ़ता क्रेज अब तो बच्चों में जानलेवा साबित होने लगा है। कोतवाली थाना क्षेत्र में कैलवारा फाटक एवं खिरहनी चौकी अंतर्गत बसंत बिहार क्षेत्र में रहने वाले एक किशोर व किशोरी को मोबाइल चलाने से अभिभावकों द्वारा मना करना इतना नागंवार गुजार कि दोनो ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनो ही मामलों की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर मामले को जांच में लिया है।

मोबाइल छीना तो लगाई फांसी

पहली घटना कोतवाली के कैलवारा फाटक क्षेत्र की है, जहां रात में एक 16 वर्षीय किशोरी को उसकी बहिन ने किसी से मोबाइल पर बात करते देख लिया। इसके बाद उसने किशोरी को डांट लगाते हुए उसका मोबाइल छीनकर अपने पास रख लिया। इसके बाद दोनों अपने-अपने कमरे में सोने के लिए चली गईं। सुबह जब बड़ी बहिन उठी तो बाथरूम में उसने किशोरी का शव फांसी के फंदे पर लटकता पाया। समझा जा रहा कि किशोरी ने देररात आत्महत्या की होगी।

किशोर को डांट गुजरी नागवार

इसी तरह खिरहनी चौकी क्षेत्र में माई नदी के पास रहने वाले एक किशोर को रात में उसके पिता ने मोबाइल चलाने से मना किया और पढ़ाई करने की समझाइश देते हुए सख्तीपूर्वक उससे मोबाइल रखने के लिए बोल दिया। पिता की बात इस किशोर को इतनी नागवार गुजरी कि देररात जब परिवार के सभी लोग सो गए तो उसने फांसी के फंदे से झूलकर को मौत को गले लगा लिया। उसके स्वजन को शुक्रवार की रात दो बजे इस घटना का पता चला। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी। एक्सपर्ट मानते हैं कि मोबाइल की लत बच्चों पर मानसिक और शारिरिक प्रभाव डालती है और एक वक्त आता है जब बच्चों के लिए मोबाइल ही सबकुछ बन जाता है। मोबाइल की लत बच्चों को चिड़चिड़ा बना देती है और इससे बच्चों का दिमाग धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है। यहां तक कि उनकी याददाश्त भी कमजोर होने लगती है।

नेशनल अचीवमेंट सर्वे जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

विद्यार्थियों में उनके स्तर को देखते हुए उनमें ज्ञान एवं समझ को विकसित किया जाए : कलेक्टर

नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार की मौजूदगी में जिले में नेशनल अचीवमेंट सर्वे के सफल क्रियान्वयन हेतु गठित टास्क फोर्स की जिला स्तरीय बैठक डाइट सभागार में शुक्रवार को आयोजित की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में नेशनल अचीवमेंट सर्वे के तैयारियों को लेकर गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष और अच्छे प्रयास करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के स्तर के अनुसार उनके बुनियादी ज्ञान एवं समझ को विकसित करने के लिए सतत मॉनीटरिंग करें। विद्यार्थी अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें इसके लिए विद्यालय में बच्चों को नवाचार के साथ शिक्षण कार्य करायें। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय व अशासकीय विद्यालय में कोई अंतर नही होता है। अशासकीय विद्यालयों की मॉनीटरिंग के लिए रणनीति तैयार कर नोडल अधिकारी नियुक्त कर रेंडम आधार पर सतत मॉनीटरिंग कर बच्चों के स्तर को जांचा जाये। विद्यार्थियों के स्तर को बढ़ाने के लिए अकादमिक स्तर पर टीम तैयार करें। कठिन बिंदुओं का निराकरण कर छात्र के ज्ञान स्तर को बढ़ायें और लक्ष्य हासिल कर सकें। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि सर्वे के दौरान विद्यालयों में ओएमआर सीट पर ली

जाने वाली परीक्षा के फॉरमेंट एवं विश्लेषण के सवाल पर डिसट्रिक्ट को- ऑर्डिनेटर से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रश्न बैंक एवं किताबों से प्रश्नों को तैयार कर विद्यार्थियों को इन प्रश्नों का अभ्यास करवायें।

सीईओ जिला पंचायत ने नेशनल अचीवमेंट सर्वे के कलेंडर एवं टूल के आधार पर विद्यालय में गतिविधियां करवायें। प्रश्नों के उत्तर ओएमआर सीट पर हल कराकर बच्चे की स्तर की सतत मॉनीटरिंग की जाये और उनकी दक्षता हासिल करने के प्रयास किये जायें।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी, डाइट प्राचार्य एमए खान, जीएल उप्रेलिया, आरके यादव के द्वारा नेशनल अचीवमेंट सर्वे की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सहायक संचालक शिक्षा एएस मसराम, जिला स्तरीय गठित नेस टास्क फोर्स समिति के सदस्य, समस्त विकासखंड के विषयवार सपोट एवं प्रशिक्षण जिला स्तर- डाइट, विषयवार सपोट एवं प्रशिक्षण जिला स्तर- डीआरजी, ब्लाक नेस प्रभारी और अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

ग्राम बिछुआ में की सड़कों में गंदगी का आलम

करेली। नरसिंहपुर जिले से दो दो मंत्री मध्य प्रदेश शासन में होने के बावजूद भी जिले में शासन की योजना का लाभ जरूरतमंदो को नहीं मिल पा रहा है। और जिले के अधिकारी कर्मचारी अपनी मनमर्जी से कार्य कर रहे हैं। ऐसा ही मामला करेली जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बिछुआ में देखने को मिल रहा है। ग्राम पंचायत बिछुआ के बीचो-बीच सीमेंट सड़क बनी हुई है इसके दोनों और नाली नहीं होने के कारण बरसात के समय में वर्षा का पानी भर जाने के कारण बड़ी संख्या में कीचड़ और गंदगी देखने को मिल रही है। माध्यमिक शाला के सामने भी पानी भरा होने के कारण कीचड़, गड्ढे हो जाने से शाला में आने वाले विद्यार्थियों को पैदल आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । ग्राम के पंचों ने बताया कि ग्राम में महिला सरपंच है महिला सरपंच के रूप में पति कार्य करते रहते हैं और ग्राम के लोगों को दबाते रहते हैं। इसी ग्राम से जंगल भी लगा हुआ है इस जंगल में फलदार वृक्षों के साथ-साथ इमारती लकड़ी सागोन, शीशम आदि के वृक्ष लगे हुए हैं इनको भी बड़ी संख्या में काटा जा रहा है। वृक्षों को काटे जाने से पशु पक्षी भी परेशान है ग्राम के पास ही बड़ी संख्या में गोबंश को चरने बाली भूमि पर भी दंबगे ने कब्जा कर लिया है। माध्यमिक शाला के संबंध में बताया जाता है कि यहां पर 6 से आठवीं तक के 80 विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। और मात्र एक शिक्षक शासकीय है। इनके द्वारा दो शिक्षकों को लगाया गया है जो कि नियमो के विपरीत है ऐसा ग्राम के ग्रामीण जनों ने बताया।

कलेक्टर ने किया होमगार्ड परिसर में पौधारोपण

नरसिंहपुर। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह ने डिसट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड नरसिंहपुर के परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने यहां अशोक के पौधे रोपे। इस दौरान अशोक के कुल 21 तथा बांस के 60 पौधे रोपे गये। कलेक्टर श्रीमती पटले ने पर्यावरण संरक्षण के लिए नागरिकों से कहा कि वे अभियान से जुड़ पौधे अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि धरा को हरा-भरा बनाने और जीवन में पेड़-पौधों के महत्व को समझते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सभी लोग सहभागिता निभाएं। इस अवसर पर डिसट्रिक्ट कमांडेंट टीआर चैहान, प्लाटून कमांडर वीरेंद्र सूर्यवंशी, नीरज सिंह ठाकुर, अन्य स्टाफ, होमगार्ड के जवानो और एसडीआरएफ के जवानों द्वारा भी पौधरोपण किया गया।

राजस्व महाअभियान 18 जुलाई से हुआ प्रारंभ

45 दिनों तक राजस्व अभिलेख दुरस्ती का होगा कार्य अपर कलेक्टर ने राजस्व अमले को किया निर्देशित

नरसिंहपुर।

राज्य शासन द्वारा राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इंद्राज त्रुटियों को ठीक करने के लिए राजस्व महा- अभियान 2.0 का आयोजन 16 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक किये जाने का निर्णय लिया गया है।

राजस्व महा अभियान का उद्देश्य है कि राजस्व न्यायालयों- आरसीएमएस में समय- सीमा पर लंबित प्रकरणों, नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरस्ती का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों का आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन व समग्र का आधार से ई-केवायसी और खसरे की समग्रध्‍ आधार से लिकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वयन है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों, तहसीलदार व नायब तहसीलदार को अभियान के तहत आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। अभियान के तहत राजस्व संबंधी सभी प्रकरण आरसीएमएस दर्ज कराये जायें। ऐसे प्रकरण जो अभी न्यायालय में ऑफलाईन प्रचलित हैं अथवा किसी कारण से नम्बर से उतर गए हों, उन्हें आरसीएमएस में दर्ज कराना सुनिश्चित करें। यह देखने में आया है कि राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, बटवारे के आदेश पारित होने के बाद भी राजस्व अभिलेखों (खसराध्‍ नक्शे) में आदेश का अमल नहीं हुआ है। सभी न्यायालय इन आदेशों का अभिलेखों में अमल करेंगे। यह कार्रवाई 31 अगस्त 2024 तक पूर्ण की जाये। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा तहसील न्यायालयों का निरीक्षण करेंगे। अनुविभागीय अधिकारी अपने अनुभाग के अंतर्गत सभी तहसीलध्‍ टप्पा तहसील का शत- प्रतिशत निरीक्षण 7 अगस्त 2024 तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों को समय- सीमा में निराकरण के लिए राजस्व अधिकारियों द्वारा 30 जून 2024 की स्थिति में समय-सीमा पार कर चुके लंबित प्रकरणों को चिन्हित किया जाये। नामांतरण 30 जून 2024 को समय सीमा बाह्य के लंबित नामांतरण प्रकरणों विवादितध्‍ अविवादित का निराकरण सुनिश्चित कर दर्ज प्रकरणों का समय- सीमा में निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। 30 जून 2024 को समय- सीमा बाह्य के लंबित बटवारा प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करते दर्ज प्रकरणों का समय- सीमा में निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। 30 जून 2024 का 6 माह की अवधि लंबित सभी प्रकार के अभिलेखों के शुद्धिकरण के प्रकरणों का निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें नक्शे में तरमीम के लिए कार्यवाही की जायेगी। इसमें खसरे में बटांकन होना परंतु नक्शे में नही होना, खसरा नंबर का एक से अधिक बार होना, नक्शे में बटांकन होना एवं खसरे में नही होना, शामिल खसरे को भिन्न किया जाना। समग्र बेब पोर्टल, एमपी ऑनलाईनध्‍ सीएससी कियोस्क के माध्यम से समग्र में आधार की ई- केवायसी कराने की सुविधा नागरिकों को निरूशुल्क उपलब्ध रहेगी। पीएम किसान सेचुरेशन हेतु संदर्भित पत्र में दिए गए निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करे। स्वामित्व योजना के तहत आबादी भूमि के सर्वेक्षण की कार्यवाही पूर्ण करने के लिए कार्यवाही की जाये। 31 जुलाई 2024 तक समस्त ग्रामों में ग्राउंड टूथिंग का कार्य पूर्ण किया जाए। 5 अगस्त 2024 तक आरओआर एंट्री की कार्यवाही का कार्य पूर्ण किया जाए। 12 अगस्त 2024 तक अधिक से अधिक ग्रामों का अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही का कार्य पूर्ण किया जाए। 15 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर अधिकार अभिलेख का वितरण समारोह पूर्वक सुनिश्चित किया जाए। 31 अगस्त 2024 तक योजना सैचुरेट करने की कार्यवाही पूर्ण की जाए।

प्रवेश से कोई भी 12वीं पास छात्र वंचित न हो

महाविद्यालय सीएलसी द्वितीय चरण में रजिस्ट्रेशन प्रारंभ'

करेली। मध्यप्रदेश शासन उच्चशिक्षा विभाग भोपाल द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश हेतु द्वितीय चरण में कॉलेज लेवल काउंसलिंग के पंजीयन प्रारम्भ हो गए है महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली के प्रवेश प्रभारी डॉ संजीव चैबे ने बताया कि द्वितीय चरण के पंजीयन 18.07.24 से प्रारम्भ हो गए है जो 22 जुलाई तक चलेगें सीट आबंटन 27 जुलाई को होगा एवं 27 जुलाई से 31 जुलाई के बीच छात्र शुल्क जमा कर प्रवेश सुनिश्चित कर सकेंगें महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ यू एस परमार ने कॉलेज चलो अभियान के अन्तर्गत ऑनलाइन हेल्प सेंटर के सभी प्राध्यापकों को निर्देशित किया हैं कि कोई भी 12वी उत्तीर्ण छात्र प्रवेश से वंचित न हो इस हेतु नई शिक्षा नीति एवं प्रवेश सम्बन्धी जानकारियों का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए ज्ञात हो कि ये प्रवेश का अंतिम अवसर है।

विद्युत पेंशनर्स को सिखाएं साइबर अपराध से बचने के उपाय

नरसिंहपुर।

गत साइबर क्राइम से बचने हेतु विद्युत मंडल के पेंशनरों की एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें भोपाल से पधारे श्री दांगी के द्वारा साइबर क्राइम से बचने हेतु एवं सुरक्षित ऑनलाइन लेनदेन करने हेतु उपायों पर चर्चा की गई। उक्त कार्यशाला में उपस्थित पेंशनर्स ने अपने जिज्ञासा को शांत करते हुए सावधानियां रखने हेतु अपनी बात रखी। कार्यक्रम के अगले चरण में विद्युत पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अभियंता बीएस पटेल ने की। इसके अतिरिक्त अभियंता व्ही के जैन, सुभाष दुबे, एस.एल.रघुवंशी ,अभियंता जे के सोनी के

मार्गदर्शन में बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में पेंशनर एसोसिएशन के नए सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम का संचालन कर रहे पंडित गणेश कुमार चतुर्वेदी जी ने आगामी प्रांतीय कार्यकारिणी की छिंदवाड़ा में बैठक हेतु चर्चा कर कार्यकारिणी की बैठक में नरसिंहपुर का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने हेतु विचार विमर्श किया गया। अंत में पेंशनर साथी एवं उनके परिजनों के दुखद निधन पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में एस के कुर्मी, विजय नेमा, संत शर्मा, शिवनारायण चंदोलिया, जालंधर यादव, करेली से सर्वश्री डब्बल सिंह पटेल, अमर सिंह चैधरी, राजकुमार पटैल, गोटेगांव से प्रकाश बाबू शुक्ला, जी पी नायक, सी.एल. कहार के अतिरिक्त सभी पेंशनर्स साथी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

मेहरा समाज का सामाजिक सम्मेलन 21 जुलाई को

नरसिंहपुर। प्रांतीय मेहरा (झारिया)सामाजिक संगठन मध्यप्रदेश के तत्वाधान में ऑडिटोरियम हॉल नरसिंहपुर में 21 जुलाई को होने जा रहा है।इस समारोह में आप सभी सामाजिक बंधु सपरिवारआमंत्रित हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस के मेहरा-प्रांतीय अध्यक्ष मुख्य अथिति एन पी झारिया-अध्यक्ष झरिया कल्याण समाज नरसिंहपुर,विशिष्ट अतिथि आर के मेहरा राष्ट्रीय अध्यक्ष मेहरा समाज महासंघ, जी पी मेहरा प्रांताध्यक्ष गढ़वाल संगठन मध्यप्रदेश,ब्रजेश वट प्रांताध्यक्ष मेहरा संगठन मध्यप्रदेश,एस एल मेहरा राष्ट्रीय अध्यक्ष मेहरा (झारिया) विकास संगठन खेमराज झारिया वरिष्ठ समाज सेवक रायपुर,ओमप्रकाश झारिया प्रांताध्यक्ष युवा संघ मध्यप्रदेशआदि समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न होगा,कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण ,सामाजिक बंधुओ का सम्मान,समाजिक बंधुओं का उदबोधन,बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी में पास होने वाले विधार्थियों का सम्मान,वरिष्ठो का सम्मान,ग्राम कोटवारों का सम्मान,विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय,संस्कृतिक कार्यक्रम स्वरूचि भोज आदि का आयोजन किया जाएगा।

बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

तेंदूखेड़ा एक तरफ जहां प्राइवेट स्कूलों की चल रही मनमानियों पर नकेल लगाने की दिशा में फीस और निजी प्रकाशनों की पुस्तकें यूनीफार्म खरीदने जैसी व्यवस्थाओं पर शासन प्रशासन दोनों सख्त देखे जा रहे हैं। वहीं परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों पंजीयन किये जाने के आदेश जारी किए गए हैं जिन स्कूल बसों में फायर अलार्म एंड प्रोक्टेशन स्टिम डिवाइस लगी होगी। बसों की छत पर एक बाटर टैंक बना होगा अगर बस में आग लगती है तो डिवाइस एक्टिव किया जाएगा। इसके बाद बस की छत पर लगे फब्बारे चालू होकर आग बुझायेंगे। प्रशासन बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़ी बड़ी बाते करता है। लेकिन धरातल पर इसके ठीक विपरीत ही देखने को मिलता है।जब कोई अनहोनी घटित हो जाती है तब बड़े बड़े नियम और कार्यवाही के दंभ भरे जाते हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र में संचालित प्राइवेट शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा बच्चों को स्कूल में लाने और ले जाने के लिए जो बाहन लगाये गये हैं उनमें बहुत से बाहन गैस किट वाले वाहनों का उपयोग किया जा रहा है।साथ ही सीटों पर बैठने की क्षमता से अधिक बच्चों को भरकर लाते है।मजबूर पालक और बच्चे फीस पूरी माह की देते हैं और सुविधाएं ? सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के परिपालन में वाहनों का संचालन करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए वाहनों मे लाइसेंस धारी चालक के साथ ही वाहन का वैध फिटनेस परमिट बीमा अग्निशमन यन्त्र दो दरवाजे वहीं एलटीडी फस्ट एंड बॉक्स साइड में ग्रिल वाहन सहायक सहायिका होना जरूरी है। साथ ही वाहन में मोबाइल नंबर भी अंकित होना भी अनिवार्य है। लेकिन नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रहीं हैं । जिस पर तत्काल प्रभाव से ध्यान दिये जाने की महती आवश्यकता है।

कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

नरसिंहपुर। विगत दिवस दिनांक 18-07-2024 में पी.एम.श्री शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में कौशल विकास प्रोत्साहन हेतु कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय हाई स्कूल नयागॉव की प्राचार्य श्रीमती प्रीति नेमा द्वारा विद्यार्थियो द्वारा बनाये गये मॉडलो का निरीक्षण किया गया संस्थ्था में संचालित व्यवसायिक पाठयक्रम के अंतर्गत ब्यूटी वैलनेस व हेल्थकेयर की छात्राओं में प्रैक्टीकल करवाये गये साथ ही कक्षा नवमीं से बारहवीं की सभी छात्राओं व संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित व मार्गदर्शन किया विद्यार्थियो की प्रतिभा को दर्शाने व उघमशीलता की भावना को बढाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया।

महिलाओं को किया जा रहा जागरूक

नरसिंहपुर। हब फॉर एपांरमेंट ऑफ वुमैन के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती मोहनी जाधव के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर- सखी प्रशासक श्रीमती संध्या काले द्वारा ग्राम पंचायत खमतरा में महिलाओं को मिशन शक्ति के पांचवे सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत मनरेगा के तहत महिला हितग्राहियों व सक्षम महिला केन्द्रित योजनाओं के बारे में बताया गया। प्रमाणीकरण निजी और भारतीय डाक बैंकों में डीबीटी संबंधी जानकारी प्रदान कर महिलाओं को जागरूक किया गया।

पाठ्य सामग्री एवं रेनकोट का वितरण

नरसिंहपुर। ग्राम देवरीकला मे प्राथमिक विद्यालय के छात्र, छात्राओ को पाठ्य सामग्री एवं रेनकोट का वितरण लीनेस क्लब वीरांगना नरसिंहपुर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत लीनेस अर्चना राय एरिया आफीसर एरिया6 ने अपने प्रोजेक्ट ष्निर्धनो की सेवाष्के अन्तर्गत रेनकोट, बिस्कुट, लेखन सामग्री का वितरण किया।साथ ही एक पौधा रोपित किया।

जिले में वृहद् स्तर पर किया जा रहा पौधारोपण

नरसिंहपुर। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिले में वृहद स्तर पर पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान में शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संगठन, परिषद और आम नागरिक भी स्वेच्छा से शामिल हो रहे हैं। नागरिकों द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर अपनी मां एवं परिजनों के साथ पौधे लगाये जा रहे है।